Roll No. .......................

# BAKK–101

## कर्मकाण्ड एवं मुहूर्त ज्ञान

कला में स्नातक (बी. ए.–12/16) कर्मकाण्ड

प्रथम वर्ष, परीक्षा, 2017

समय : 3 घंटा पूर्णांक : 70

नोट : यह प्रश्न पत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख', तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. प्रातःकालीन नित्य कर्म विधि का लेखन कीजिये।
2. पञ्चमहायज्ञों का परिचय देते हुए विस्तृत उल्लेख कीजिये।
3. कर्णबेध, चूड़ाकरण, उपनयन एवं अक्षरारम्भ मुहूर्तों का उल्लेख कीजिये।
4. गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्तों का महत्व प्रतिपादित कीजिये।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. कर्मकाण्ड के उद्गम स्रोत का लेखन कीजिये।
2. वेदों का महत्व प्रतिपादित कीजिये।
3. पञ्चाङ्ग क्या है ? स्पष्ट रूप से लिखिये।
4. वास्तु शान्ति मुहूर्त प्रतिपादित करते हुए महत्त्व समझाइये।
5. वर-वरण से आप क्या समझते हैं ? मुहूर्त लेखन कीजिये।
6. यात्रा दिशूल का विचार कीजिये।
7. चन्द्रवास का विचार कीजिये।
8. विवाह संस्कार के बारे में बताइये।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. वेदाङ्ग कितने हैं ?

   (अ) 4 (ब) 5

   (स) 6 (द) 7

2. अधोलिखितों में नन्दा तिथि कौन-सी है ?

(अ) प्रतिपदा (ब) द्वितीया

(स) तृतीया (द) चतुर्थी

3. योगों की संख्या कितनी है ?

(अ) 27 (ब) 28

(स) 29 (द) 30

4. “भ” शब्द का अर्थ क्या है ?

(अ) नक्षत्र (ब) तिथि

(स) योग (द) करण

5. उप पुराणों की संख्या क्या है ?

(अ) 6 (ब) 17

(स) 18 (द) 19

6. त्रिकोण क्या है ?

(अ) 5, 9 (ब) 6, 12

(स) 8, 3 (द) 11, 3

7. गायन का वेद किसे जानते हैं ?

(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद

(स) सामवेद (द) अथर्ववेद

8. उपनयन क्या है ?

(अ) गुरु के समीप जाना

(ब) घर के समीप जाना

(स) मन्दिर के समीप जाना

(द) नदी के समीप जाना

9. "कृताप्ता" शब्द का अर्थ अग्निवास में क्या है ?
   (अ) दो से भाग देना
   (ब) तीन से भाग देना
   (स) चार से भाग देना
   (द) पाँच से भाग देना

10. गृहारम्भ में शिला का नाम है :
   (अ) नन्दा
   (ब) शान्दा
   (स) ज्ञाता
   (द) विज्ञा